**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 05 वांछित अभियुक्त 01 अभियुक्ता गिरफ्तार।**

**दिनांक- 09.10.2024**

**दिनांक- 08/09.10.2024 को-**

**01-थाना आलमबाग में पंजीकृत मु0अ0सं0-188/2024 धारा- 316/318/108/62 BNS से सम्बन्धित अभियुक्त रंजीत चक्रवर्ती**

**02-थाना अलीगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0-228/2024 धारा- 64/137(2)/127(6) BNS व ¾ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त रवि गौतम**

**03-थाना काकोरी में पंजीकृत मु0अ0सं0-103/2024 धारा- 2/3 गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त विशाल पाल उर्फ गोल्डी (25,000/- रुपये का इनामिया)**

**04-थाना चिनहट में पंजीकृत मु0अ0सं0-479/2024 धारा- 303(2)/317(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त कुनाल कश्यप**

**05-थाना माल में पंजीकृत मु0अ0सं0-433/24 धारा- 85/80(2) BNS व ¾ डीपी एक्ट से सम्बन्धित 01 अभियुक्त राजकुमार व 01 अभियुक्ता प्रियंका गिरफ्तार।**

**जोन-उत्तरी**

**सड़क दुर्घटना-थाना गाजीपुर-**

दिनांक 08.10.2024 समय करीब रात्रि 10.00 बजे कन्ट्रोल रूम द्वारा थाना गाजीपुर पर सूचना मिली कि शक्ति नगर से समतामूलक की ओर जा रहे ब्रिज पर एक कार व बाइक का आपस में एक्सीडेन्ट हो गया है।

**इस सूचना पर तत्काल थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच कर घायलों को मौके पर मौजूद लोगो की मदद से राम मनोहर लोहिया अस्पताल विभूतिखण्ड उपचार हेतु भेजा गया,** जहां से उनके परिजन इलाज के लिए टेढ़ी पुलिया के पास निजी हॉस्पिटल में ले गये हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है।

प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार केटीएम बाईक नं0 UP32PC6289 पर सवार दो लड़के अभिषेक कश्यप उर्फ भोला उम्र करीब 22 वर्ष व तुषार कश्यप उम्र करीब 21 वर्ष निवासीगण इन्दिरानगर थाना गाजीपुर, लखनऊ जो विपरीत दिशा से समतामूलक चौराहे की तरफ जा रहे थे तथा समतामूलक चौराहे की तरफ से आ रही इनोवा कार नं0 अज्ञात से उक्त बाइक में टक्कर हो गयी, जिससे बाइक सवार उपरोक्त दोनों व्यक्ति घायल हो गये। कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया।

**घायलों के परिजन मौके पर अस्पताल में मौजूद हैं। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

## जोन-पश्चिमी

**सड़क दुर्घटना थाना-सआदतगंज**

आज दिनांक समय करीब 08.30 बजे सुबह में थाना स्थानीय पर जरिये दूरभाष सूचना मिली कि चोर घाटी पेट्रोल पंप के पास एक कार चालक द्वारा 06 से 07 लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया गया है।

सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आस-पास के लोगों की सहायता से घायलों को एबुंलेस से इलाज के लिए ट्रामा सेंटर, केजीएमयू भेजा गया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। वाहन चालक मौके से फरार है।

**घायलों का विवरण निम्नवत है-**

01-मूलचन्द उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र लोकराम उर्फ लोकई निवासी-नेवादा जनपद हरदोई (मिठाई की दुकान पर काम करते हैं।)
02-नरेन्द्र सिंह उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र शिवलाल निवासी-मलिहाबाद हालपता-राधाग्राम वर्फखाना थाना ठाकुरगंज लखनऊ (दुबग्गा मंडी में काम करते हैं)
03-किशोरी लाल उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र झूरी निवासी-थाना माल, लखनऊ (मजदूरी करते हैं।)
04-पवन कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र राम अवतार निवासी-नेवदिया थाना पिसावा जनपद सीतापुर (मजदूरी करते हैं।)
05-इमराम खान उम्र करीब 31 वर्ष पुत्र रईस निवासी-खन्ना तकिया थाना सआदतगंज लखनऊ

**घटना संबंध में वादी मुकदमा इमरान उपरोक्त द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-180/2024 धारा 281/125 बीएनएस वाहन सं0 UP 32 CK 5123 (स्विफ्ट कार) चालक के विरूद्ध पंजीकृत कर वाहन को पुलिस कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

## जोन-उत्तरी

**मीडिया अपडेट**

**विषय-**06 बकरियों के किसी जंगली जानवर द्वारा मार दिया जाना।

**थाना-जानकीपुरम**

**विवरण-**

आज दिनांक 09.10.2024 को सुबह करीब 8.00 बजे सेक्टर 04 में किसी जानवर द्वारा बकरी मारे जाने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल उप निरीक्षक थाना जानकीपुरम मय पॉलीगॉन 180 के घटनास्थल पर पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि प्लॉट नंबर 04/356 विस्तार में रहने वाले प्रमोद कुमार पुत्र श्री प्रसाद उम्र 30 वर्ष अपने परिवार के साथ इसी प्लॉट में रहते हैं और उनके द्वारा 07 बकरियां पाल रखी थी।

बीति देर रात्रि में समय करीब 12.00 बजे खाना खाकर वह सो गए थे तभी समय करीब 01.00 बजे के आसपास कुछ आहट होने पर उनकी आंख खुली तो देखा तो 04 जानवर उनकी बकरियों पर हमला कर दिए हैं जो देखने में पूछ लंबी बताई गई।

जानवर द्वारा 06 बकरियों को हमला कर मार दिया गया है। **मौके पर वन विभाग की टीम को बुलाया गया तो वन विभाग टीम से मनोज कुमार गौतम व जलालुद्दीन मौके पर आये और जिनके द्वारा बताया गया कि यह पंजे के निशान सियार के लग रहे हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। मौके पर कुशलता है।**